पंजाब केसरी
22-03-2026

अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय जिम्नास्टिक में आशीष पुन ने जीता रजत पदक

अम्बाला, 21 मार्च (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के होनहार खिलाड़ी आशीष पुन ने चंडीगढ़ स्थित पंजाब विश्वविद्यालय में आयोजित अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय जिम्नास्टिक चैम्पियनशिप, 2025-26 के दौरान देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ कड़े मुकाबले में आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक के पुरुष वर्ग में रजत पदक जीतकर अपने कॉलेज को गौरवान्वित किया है।



अखिल भारतीय अंतर–विश्वविद्यालय जिम्नास्टिक चैम्पियनशिप के दौरान आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक में रजत पदक जीतने वाले गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के खिलाड़ी आशीष पुन को प्रोत्साहित करते प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त। (चंद्रमोहन)

प्रतियोगिता के दौरान आशीष ने पैरेलल बार स्पर्धा में अपने तकनीकी कौशल और एकाग्रता का शानदार प्रदर्शन करते हुए यह गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की। इस सफलता पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि आशीष की यह जीत उनके अटूट समर्पण, अनुशासन और कठोर परिश्रम का परिणाम है। आशीष अन्य विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणास्रोत के रूप में उभरे हैं और उन्होंने अपनी मेहनत से कॉलेज का नाम पूरे देश में चमकाया है।

शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष एवं सह-प्राध्यापक ब्रिजेश गुप्ता ने कहा कि इस राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धि के पीछे खिलाड़ी का निरंतर अभ्यास और खेल के प्रति सच्ची निष्ठा रही है। विभाग को अपने इस होनहार खिलाड़ी पर गर्व है, जिसने खेल के मैदान में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी पहचान बनाई है।